Amar Ujala

Date: 19.11.15

Page No. 04

# बच्चों को दांत स्वस्थ रखने की दी जानकारी



साहिबाबाद (ब्यूरो)। अमर उजाला, डाबर और आईटीएस डेंटल कॉलेज की ओर से बुधवार को टीएचए के आठ स्कूलों में बच्चों के दांतों की जांच की गई। टीएचए के कड़कड़ मॉडल स्थित ग्रेट चाइल्ड पब्लिक स्कूल, ब्लूमिंग पब्लिक स्कूल, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, डीएस पब्लिक स्कूल, इंदिरापुरम स्थित विवेकानंद ग्लोबल पब्लिक स्कूल, बृज विहार के डीएवी पब्लिक स्कूल और दिवाकर मॉडल स्कूल और चंद्रनगर स्थित डीएवी स्कूल में सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक कैंप लगाया गया। इस दौरान बच्चों के लिए क्विज कांटेस्ट के साथ ही आईक्यू टेस्ट का भी आयोजन किया गया। डाबर की ओर से बच्चों को टूथपेस्ट और अमर उजाला की ओर से गिफ्ट हैंपर दिए गए। पूनम सिंह, सुनीता राघव, दुर्गावती सिंह, रेखा रानी, रामा, किरण गौड़, नंदा भट्ट और पंकज पाल आदि मौजूद रहे।

Dainik Jagran

Date: 19.11.15

Page No. II (Gz. Bad)

# पांच दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ

मुरादनगर : एनएच-58 स्थित आइटीएस डेन्टल कालेज में बुधवार को भारतीय दंत अनुसंधान समाज के 28वें वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ हो गया। पांच दिवसीय सम्मेलन में पहले दिन पेपर व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के डायरेक्टर जनरल डा. हरिप्रकाश व डायरेक्टर डा. विनोद सचदेव एवं प्रधानाचार्य डा. देवीचरण शेट्टी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर किया। कालेज के मीडिया प्रभारी राजीव मल्होत्रा ने बताया कि पांच दिवसीय आयोजन को पहले दो दिन सम्मेलन कोर्स और तीन दिन मुख्य सम्मेलन में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में 30 भारतीय मूल के दंत शोधकर्ता और 17 दंत शोधकर्ता विदेशों से भाग लेने के लिए आ रहे हैं।

Hindustan (Hindi)

Date: 19.11.15

Page No. 18

# वार्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ

**गाजियाबाद।** आईटीएस सेंटर फॉर डेंटल स्टडीज एंड रिसर्च में पांच दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में 46 दंत शोधकर्त्ता के साथ 1000 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दंत चिकित्सक भाग ले रहे हैं। सांसद वरुण गांधी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

Amar Ujala

Page No. 06

Date: 19/11/15

## सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे वरुण गांधी

मुरादनगर। आईटीएस दी एजुकेशन ग्रुप मुरादनगर स्थित डेंटल कॉलेज में भारतीय दंत अनुसंधान समाज के 28वें वार्षिक सम्मेलन में 20 नवंबर को वरुण गांधी शिरकत करेंगे। आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज सेवा व शिक्षा को बढ़ावा देना है।